आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 05.10.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की तर्ज पर एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान चलाने का आह्वान किया।
- स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा है कि 2027 तक राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती पूरी कर ली जाएगी।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा– सहकारिता मेला ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम है।
- और, हरिद्वार के लक्सर में नशे और उसके दुष्प्रभावों के प्रति जन–जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

शहीद सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जिले के लैंसडाउन में आयोजित शहीद सम्मान समारोह में कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान की तर्ज पर एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि 25 सितंबर से 04 अक्टूबर तक चली शहीद सम्मान यात्रा 2.0 शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व उनके परिजनों के आंसुओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन सैन्य धाम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोटद्वार में स्थित सैनिक विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने और निदेशालय सैनिक कल्याण तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों की नियुक्ति कर निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा 2.0 का आज लैंसडाउन में सफल समापन हुआ है। उन्होंने बताया कि शेष 71 शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी लायी जा चुकी है। जिसे सैन्य धाम के लोकार्पण से पूर्व अमर जवान ज्योति में स्थापित किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा है कि 2027 तक राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती पूरी कर ली जाएगी। इससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और आम जनता को बेहतर इलाज मिल सकेगा। ये बातें श्री रावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कही। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक नए छात्र को उनके पढ़ाई के नगर में रहने वाले पांच गरीब परिवारों को गोद लेकर उनकी स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारी निभानी होगी। यह योजना डॉक्टरों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में कुल 480 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जा रही है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा।

धान की क्रॉप कटिंग

उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर तहसील के ग्राम अमरपुर में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया द्वारा खरीफ फसल धान की क्रॉप कटिंग की गई। जिलाधिकारी ने कृषक जितेन्द्र कुमार के खेत का निरीक्षण करते हुए फसल की गुणवत्ता, पैदावार और खेती के आधुनिक तरीकों का जायजा लिया। कृषक जितेन्द्र कुमार के खेत में 43.3 वर्ग मीटर के क्षेत्र में धान की क्रॉप कटिंग कराने पर 30.20 किलो धान का उत्पादन हुआ, जो लगभग 28 कुंतल प्रति एकड़ की उपज आई है। संपूर्ण प्रक्रिया को भारत सरकार के कृषि उत्पादन ऐप GCES एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के ऐप CCE AGRI के माध्यम से भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किया गया। इस प्रक्रिया के जरिए फसलों की औसत उपज, उत्पादन क्षमता और कृषि नीति निर्माण के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध होते हैं। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने किसानों को कृषि में आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के प्रयोग की सलाह देते हुए कहा कि इससे फसल की पैदावार बढ़ाने और गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलती है।

रेखा आर्या

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा में सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित सहकारिता मेले में शिरकत की। उन्होंने मेले में आयोजित  विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया और पशुपालन, डेयरी, स्वयं सहायता समूहों को स्वीकृत ऋण के चैक भी वितरित किए।  इस दौरान उन्होंने मेले में लगाई गई हस्तशिल्प और विकास प्रदर्शनी का निरीक्षण कर स्थानीय उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सहकारिता मेला ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत

करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मेले का उद्देश्य गरीबों, किसानों, और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

मेले की नोडल अधिकारी स्वेता उपाध्याय ने कहा कि 2025 अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है।

हरिद्वार

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देश पर हरिद्वार के लक्सर में नशे और उसके दुष्प्रभावों के प्रति जन—जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जन जागरूकता रैली के बाद संयुक्त टीम द्वारा तहसील सभागार लक्सर में एक अवेयरनेस प्रोग्राम रखा गया। जिसमें

ड्रग्स विभाग की टीम ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों में नशे से संबंधित या प्रतिबंधित दवाइयों का भंडारण या बिक्री न करें। निरीक्षण के दौरान यदि किसी मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयां पाई जाती हैं तो संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सीमांत गांव जादूंग

भारत—चीन सीमा से सटे उत्तरकशी जिले का सीमांत गांव जादूंग अब वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पर्यटन की नई पहचान बनने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जादूंग गांव का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी ने सीओ आईटीबीपी एवं अन्य अधिकारियों के साथ समसायिक विषयों पर भी चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के प्रथम चरण में पारम्परिक शैली में 6 होम स्टे का निर्माण कार्य प्रगति पर है। तथा दूसरे चरण में 8 होम स्टे बनाए जाएंगे। कुल 14 होम स्टे के पूरा होने पर जादूंग गांव में आने वाले पर्यटकों को ठहरने की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इससे एक ओर जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,वहीं दूसरी ओर स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

टिहरी

टिहरी में आगामी 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक पूर्णानन्द स्टेडियम, मुनिकीरेती में सरस आजीविका मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस दस दिवसीय मेले में देशभर के स्वयं सहायता समूहो के कास्तकारों, एवं सांस्कृतिक दलों की सहभागिता रहेगी। मेले में ग्रामीण अंचलों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए जैविक खाद्य पदार्थो, हस्तशिल्प, दस्तकारी व पारम्परिक उत्पादों की बिक्री की जाएगी।

बागेश्वर

बागेश्वर में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हो गया है। प्रतियोगिता में जिले भर के 200 से अधिक विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें कई विद्यालयों और खेल संस्थानों से आए खिलाड़ी ताइक्वांडो की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। ताइक्वांडो संघ के सदस्य कमलेश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बागेश्वर जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।